EDII

Gujarat Vaibhav

January 26, 2017
Page No. 1

जोशी, पवार और येसुदास को पद्म विभूषण

वार्ता/नयी दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के मार्गदर्शन मंडल के वयोवृद्ध नेता मुरली मनोहर जोशी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख एवं महाराष्ट्र के कद्दावर नेता शरद पवार और सुप्रसिद्ध गायक के जे येसुदास सहित सात लोगों को देश और समाज के विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्म विभूषण पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा। इनमें पूर्व लोकसभा अध्यक्ष पी ए संगमा और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पिछले दिनों दिवंगत हुए सुंदरलाल पटवा को यह पुरस्कार मरणोपरांत दिया जायेगा। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 89 लोगों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गयी है लेकिन देश के सर्वोच्च नागरिक भारत रत्न के लिए किसी नाम की घोषणा नहीं की गयी है जबकि पद्म भूषण सात हस्तियों और पद्मश्री 75 लोगों को दिया जाएगा। पद्मश्री पाने वालों में बीस ऐसे साधारण शख्स हैं, जिन्होंने अपनी असाधारण जनसेवा से अपने क्षेत्र में न केवल विशिष्ट पहचान बनायी है बल्कि अपने रचनात्मक कार्यों से समाज को नयी दिशा भी दी है। पद्म पुरस्कार पाने वालों में 19 महिलाएं हैं, जिनमें थाइलैंड की राजकुमारी महाचक्री सिरीदोर्ण और नेपाल की अनुराधा कोइराला भी हैं, जिसने हजारों लोगों को देह व्यापार से मुक्त कराया है। इसके अलावा पांच विदेशी, प्रवासी भारतीय और भारतीय मूल के लोगों को भी पद्म पुरस्कार दिया गया है। पांच हस्तियों को यह पुरस्कार मरणोपरांत दिया जा रहा है। पद्मश्री पुरस्कार पाने वालों में 20 ऐसे साधारण लोग भी हैं जिन्होंने अपनी असाधारण प्रतिभा और जनसेवा के माध्यम से समाज को नयी दिशा दी है। पद्म भूषण पुरस्कार पाने वालों में मोहन वीणा के प्रख्यात वादक विश्वमोहन भट्ट और थाइलैंड की राजकुमारी महाचक्री सिरीनधोर्न , प्रख्यात पत्रकार दिवंगत चो रामास्वमी और बिहार के योगाचार्य स्वामी निरंजन नंद सरस्वती शामिल हैं। पद्मश्री पाने वाले प्रमुख लोगों में गायक कैलाश खेर, सुप्रसिद्ध गायिका अनुराधा पोडवाल, चर्चित लेखक नरेन्द्र कोहली , क्रिकेटर विराट कोहली , महिला पहलवान साक्षी मलिक, एथलीट दीपा मलिक और जिमनास्ट दीपा करमाकर और मशहूर शेफ संजीव कपूर शामिल हैं।

गुजरात के सात लोग भी पुरस्कृत

पद्म पुरस्कार पाने वालों में गुजरात केसात लोग भी शामिल हैं। इनमें डॉ. देवेन्द्र पटेल, डॉ. सुब्रत दास (चिकित्सा), वी.जी.पटेल, विष्णु पंड्या (साहित्य- शिक्षा), गेनाभाई पटेल (कृषि) पुरुषोत्तम उपाध्याय (संगीत) तथा गुरु रत्न महाराज (अध्यात्म) आदि शामिल हैं।